प्रेषक,

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
अयोध्या।

सेवा में,

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एन0आई0सी0)
अयोध्या।

संख्या : 1224/2021 दिनांक : 25-10-2021

विषय :–विज्ञप्ति अपलोड करने के संम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि जनपद अयोध्या में आयुष हेल्थ वेलनेस सेन्टरों पर योग प्रशिक्षक पुरूष/महिला की नियुक्ति करनी है आवेदन पत्र के सम्बन्ध में विज्ञप्ति आपकी बेबसाइट पर अपलोड की जानी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि बेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करे।

<u>संलग्नः–विज्ञप्ति का प्रारूप</u>

(डा0 अशोक कुमार दीक्षित)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
अयोध्या।

संख्या : दिनांक

प्रतिलिपिः–

1.निदेशक, आयुष विभाग उ0प्र0राज्य आयुष सोसाइटी लखनऊ को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डा0 अशोक कुमार दीक्षित)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
अयोध्या।

कार्यालय
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी
अयोध्या

## विज्ञप्ति

### रिक्तियों का विवरण

राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा संचालित आयुष स्वास्थ्य एंव कल्याण केन्द्र (हेल्थ वेलनेस सेन्टर) पर उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–डब्लू–81/96–आयुष–2–2020–127 अनुभाग–2 लखनऊ दिनॉक–04.12.2020 के अनुपालन में आयुष मिशन के अन्तर्गत जनपद–अयोध्या में अंशकालिक योग प्रशिक्षक पुरूष एंव योग प्रशिक्षक महिला के लिए नीचें अंक तालिका के कालम 04 में अंकित स्थान हेतु संचालित होने वाले आयुष हेल्थ सेन्टरों पर आबद्वीकरण हेतु प्रतिमाह देय मानदेय कालम संख्या–07 के अनुसार नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेगे। आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि–10.11.2021 को समय 5.00 बजे तक होगी। आयुष हेल्थ सेन्टर में योग प्रशिक्षक पुरूष को प्रतिमाह एच0डब्लू0सी0 स्कूलों व सामुदायिक स्तरों पर प्रति सत्र कम से कम 01 घन्टे वाले न्यूनतम् 32 योग सत्र आयोजित करने होगे तथा योग प्रशिक्षक महिला को समूह के लिए प्रति सत्र न्यूनतम् 01 घन्टे के साथ 20 कक्षाएं आयोजित करनी होगी।

<table>
<tr><th>क्र0 सं0</th><th>पद नाम</th><th>पदो की संख्या</th><th>स्थान</th><th>अर्हता</th><th>उम्र सीमा</th><th>परिश्रमिक</th></tr>
<tr><td>1</td><td>2</td><td>3</td><td>4</td><td>5</td><td>6</td><td>7</td></tr>
<tr><td>1</td><td>योग प्रशिक्षक पुरूष</td><td>09</td><td>1. राज0आयु0चिकि0 कनीगंज<br>2 राज0आयु0चिकि0 सरियावॉ<br>3. राज0आयु0चिकि0 बारून बाजार<br>4.राज0आयु0चिकि0अजरौली बाजार<br>5. राज0आयु0चिकि0 बैदरापुर<br>6. राज0आयु0चिकि0 रौनाही<br>7. राज0आयु0चिकि0 पूराबाजार<br>8. राज0आयु0चिकि0 खजुरहट<br>9.राज0आयु0चिकि0आनन्दनगर मिटारी</td><td rowspan="2">(1)योग प्रशिक्षक<br>(अंशकालीन)<br>(ए)मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों /संस्थानों से साढ़े पॉच वर्षीय कोर्स बैचलर आफ नैचुरोपैथी एण्ड यौगिक सांइस बी0 एन0 वाई0 एस0डिग्री धारक।<br>अथवा<br>(बी0) 1.बी0ए0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/बी0एस0सी0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/एम0 ए0(योग)/एम0एस0सी0 (योग) डिग्री धारक।<br>2.अनुभव–एक वर्ष।<br>अथवा<br>(सी0) 01.पी0जी0डिप्लोमा (न्यूनतम् एक वर्षीय पाठ्यक्रम) डिप्लोमा धारक<br>2.अनुभव–दो वर्ष<br>(डी0)1.योग सर्टिफिकेशन बोर्ड नई दिल्ली द्वारा योग वेलनेस इन्सट्रक्टर प्रमाण पत्र धारक, अनुभव एक वर्ष।<br>नोटः–हेल्थ वेलनेस सेन्टर में योग प्रशिक्षक पद हेतु स्थानीय अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी।<br>2.कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित डिग्री/पी0जी0 डिप्लोमा/प्रमाणपत्र के उत्तीर्ण/प्राप्त करने के उपरान्त का ही मान्य होगा।</td><td>न्यूनतम् 21 वर्ष<br>अधिकतम् 65 वर्ष<br>पूर्णतयः स्वस्थ</td><td>8000. 00प्रतिमाह एकमुस्त, पारिश्रमिक</td></tr>
<tr><td>2</td><td>योग प्रशिक्षक महिला</td><td>08</td><td>1. राज0आयु0चिकि0 सरियावॉ<br>2. राज0आयु0चिकि0 बारून बाजार<br>3.राज0आयु0चिकि0अजरौली बाजार<br>4. राज0आयु0चिकि0 बैदरापुर<br>5. राज0आयु0चिकि0 रौनाही<br>6. राज0आयु0चिकि0 पूराबाजार<br>7. राज0आयु0चिकि0 खजुरहट<br>8.राज0आयु0चिकि0 आनन्दनगर मिटारी</td><td>न्यूनतम् 21 वर्ष<br>अधिकतम् 65 वर्ष<br>पूर्णतयः स्वस्थ</td><td>5000.00 प्रतिमाह एकमुस्त, पारिश्रमिक</td></tr>
</table>

1. कार्य का अनुभव प्रमाण –पत्र निर्धारित डिग्री/पी0जी0 डिप्लोमा के करने के उपरान्त का ही मान्य होगा।
2. यह पूर्ण रूप से अस्थाई तथा मानदेय पर आधारित है तथा किसी भी समय मुख्य विकास अधिकारी अध्यक्ष चयन समिति द्वारा बिना कारण बतायें समाप्त किया जा सकता है।
3. आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता व अनुभव आदि प्रमाण पत्रों की स्वाप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करे तथा आवेदन वाले लिफाफे पर आवेदित पद का नाम तथा अभ्यर्थी किस स्थान के लिए आवेदन कर रहा है अवश्य लिखा होना चाहिए।
4. आवेदन पत्र के साथ नाम व पत्र व्यवहार का पता लिखा हुआ **23X10** सेन्टीमीटर के दो लिफाफे जिस पर 45 रू0 का डाक टिकट लगा हो तथा लिफाफे पर रजिस्टर्ड लिखा हो संलग्न होना चाहिए।
5. नवीनतम् पासपोर्ट साइज फोटो स्वयं हस्ताक्षर सहित निर्धारित स्थान पर लगा होना चाहिए।
6. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होगा।
7. अभ्यर्थी के अर्ह/अर्नह होने के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय चयन समिति का होगा। अपूर्ण व त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर किसी प्रकार का कोई विचार नही किया जायेगा।
8. यह तैनाती 01 वर्ष के लिए है।
9. साक्षात्कार के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नही होगी।
10. हेल्थ वेलनेस सेन्टर में योग प्रशिक्षक पद हेतु स्थानीय अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी।
11. आवेदनकर्ता इस तैनाती के बाद भविष्य में नियमित होने के लिए अर्ह नही होगा।
12. विज्ञप्ति से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एंव आवेदन पत्र का प्रारूप।

बेबसाइट –**WWW.Upgov.nic.in**

(डा0अशोक कुमार दीक्षित)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
अयोध्या।